

# आईपीएल 2025 : प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हुई सीएसके, धोनी बोले-कैच छोड़ना पड़ा भारी

चेन्नई

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को बुधवार को पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के खिलाफ पांच विकेट से हार का सामना करना पड़ा, जिसके साथ ही आईपीएल 2025 में वह प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने वाली पहली टीम बन गई। मैच के बाद कप्तान एमएस धोनी ने टीम के प्रदर्शन पर बात करते हुए कहा कि 190 रनों का स्कोर थोड़ा कम था और कुछ जरूरी कैच छोड़ने से उन्हें नुकसान हुआ।

धोनी ने मैच के बाद कहा, मुझे लगता है कि हमने पहली बार एक अच्छा स्कोर खड़ा किया, लेकिन मुझे लगता है हम थोड़ा पीछे रह गए। बैटिंग यूनिट का प्रयास अच्छा था, लेकिन हमे और रन बनाने चाहिए थे। ब्रेविस और सैम करन की साझेदारी शानदार रही, लेकिन कुछ जरूरी कैच नहीं पकड़ने से विपक्षी टीम को गति मिल गई।

### 18 बॉल में बिखर गई पारी, चहल की हैट्रिक से लगा झटका

सीएसके की पारी 19.2 ओवर में 190 रन पर सिमट गई। एक समय टीम 14 ओवर में 126/3 पर थी और 200+ स्कोर की ओर बढ़ रही थी। करन और ब्रेविस की 78 रन की साझेदारी ने रन रेट को बढ़ाया, लेकिन 18वें ओवर में करन (88 रन) के आउट होते ही टीम ने अंतिम 14 गेंदों में सिर्फ 18 रन बनाए। 19वें ओवर में युजवेंद्र चहल ने हैट्रिक सहित चार विकेट लिए और चेन्नई ने अंतिम छह विकेट 18 रन में गंवा दिए। सीएसके का सीजन रहा फीका, रन रेट सबसे खराब इस सीजन में चेन्नई का बल्लेबाजी प्रदर्शन लगातार खराब रहा है। टीम का रन रेट (8.23) अब तक का सबसे कम है।

### जीआईपीकेएल कबड्डी लीग का भव्य समापनः मराठी वल्चर और तमिल लायनेस बने चैंपियन

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम विश्वविद्यालय में आयोजित पहले ग्लोबल इंडियन प्रवासी कबड्डी लीग (जीआईपीकेएल) का समापन मंगलवार को शानदार उत्साह और प्रतिस्पर्धा के बीच हुआ, जिसमें मराठी वल्चर ने पुरुष वर्ग में और तमिल लायनेस ने महिला वर्ग में जीत का परचम लहराया। महिला वर्ग के फाइनल में तमिल लायनेस ने तेलुगु चीता को 31-19 के बड़े अंतर से पराजित कर न केवल खिताब जीता, बल्कि पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन के लिए जीआईपीकेएल चैंपियनशिप ट्रॉफी भी अपने नाम की। तमिल लायनेस की डिफेंस ने 14 टैकल पॉइंट्स और 4 ऑल-आउट पॉइंट्स के साथ विपक्षी टीम को लगातार दबाव में रखा। वहीं, तेलुगु चीता ने 3 सुपर टैकल किए, लेकिन वापसी नहीं कर पाई। पुरुष वर्ग के फाइनल में मराठी वल्चर और तमिल लायन्स के बीच मुकाबला बेहद रोमांचक रहा, जिसमें मराठी वल्चर ने 40-30 से जीत दर्ज की। कप्तान सुनील नरवाल ने 17 टैकल पॉइंट्स और 4 ऑल-आउट के साथ टीम को निर्णायक बढ़त दिलाई, जबकि तमिल लायन्स की टीम 21 रेड पॉइंट्स लेने के बावजूद पीछे रह गई। 13 दिन चले इस अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में भारत सहित कई देशों के खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिससे कबड्डी के बढ़ते वैश्विक प्रभाव को बल मिला। इस आयोजन ने प्रवासी भारतीयों और भारतीय खेल संस्कृति के बीच एक नया सेतु बनाने का कार्य किया।

## न्यूज ब्रीफ

### लेडी श्रीराम कॉलेज और किरोड़ी मल कॉलेज बने पीएसपीबी बाबा दीप सिंह बास्केटबॉल चैंपियन



**नई दिल्ली।** लेडी श्रीराम कॉलेज और किरोड़ी मल कॉलेज चौथी पीएसपीबी बाबा दीप सिंह बास्केटबॉल प्रतियोगिता में क्रमशः महिला और पुरुष वर्ग में चैंपियन बने हैं। महिला वर्ग के फाइनल में लेडी श्रीराम कॉलेज ने रामजस कॉलेज को 49-31 से हराकर यह प्रतियोगिता जीती और मोस्ट वैल्यूबल प्लेयर का अवॉर्ड लेडी श्रीराम कॉलेज की विपासना को मिला। पुरुष वर्ग के फाइनल मैच में किरोड़ी मल कॉलेज ने श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज को 83 -75 से हराकर यह प्रतियोगिता जीती। कॉलेज के दक्ष चौधरी को मोस्ट वैल्यूबल प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का अवार्ड मिला। प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह की मुख्य अतिथि हॉकी इंडिया की डायरेक्टर रणजीत गिल थीं। उनके साथ गेस्ट ऑफ आनर इंडियन हॉकी प्लेयर हरजीत सिंह, पेट्रोलियम स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड के ज्वाइंट सेक्रेटरी गौतम वढेरा और मेजबान खालसा कॉलेज के प्रिंसिपल प्रोफेसर गुरमोहिंदर सिंह थे। इनके साथ खालसा कॉलेज की डायरेक्टर ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स डॉ इंदरप्रीत कौर नंदा ने खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किये। दिल्ली यूनिवर्सिटी के श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज द्वारा पीएसपीबी चौथे बाबा दीप सिंह हॉकी (महिला एवं पुरुष) और बास्केटबॉल (महिला एवं पुरुष) प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है।

### मुंबई इंडियंस ने चोटिल विग्नेश पुथुर की जगह रघु शर्मा को टीम में शामिल किया

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 सीजन के बीच मुंबई इंडियंस की टीम में



एक बदलाव हुआ है। फ्रेंचाइजी ने 32 साल के स्पिन गेंदबाज रघु शर्मा को अपने साथ जोड़ा है। उन्हें युवा गेंदबाज विग्नेश पुथुर की जगह स्क्वाड में शामिल किया गया है, जो चोटिल होने के चलते शेष सीजन से बाहर हो गए हैं। आईपीएल ने गुरुवार को जारी बयान में बताया कि मुंबई इंडियंस (एमआई) ने लेग स्पिनर रघु शर्मा को विग्नेश पुथुर के स्थान पर अनुबंधित किया है, जो चोट के कारण टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के शेष मैचों से बाहर हो गए हैं। रघु मुंबई इंडियंस के साथ बेस प्राइस 30 लाख रुपये में जुड़े हैं। 11 मार्च 1993 को जालंधर (पंजाब) में जन्मे रघु शर्मा दाएं हाथ के लेग-ब्रेक गेंदबाज हैं। उन्होंने घरेलू क्रिकेट में पंजाब और पुडुचेरी का प्रतिनिधित्व किया है। 11 प्रथम श्रेणी मैचों में शर्मा ने 19.59 की औसत से 57 विकेट लिए हैं, जिसमें 7/56 का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन रहा है। लिस्ट ए क्रिकेट में, उन्होंने 9 मैचों में 14 विकेट लिए हैं, जिसमें 4/37 का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है। उन्होंने 3 टी20 मैचों में भी हिस्सा लिया है, जिसमें 3 विकेट लिए हैं। विग्नेश ने गेंदबाजी से किया प्रभावित-विग्नेश ने मुंबई इंडियंस के लिए आईपीएल डेब्यू चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ किया था। उन्होंने पहले ही मैच में तीन विकेट लेकर सभी को प्रभावित किया। विग्नेश ने मौजूदा सीजन में 5 मैच खेले, जिसमें उन्होंने कुल 6 विकेट चटकाए। मुंबई की मजबूत वापसी-पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस ने इस सीजन शुरुआती पांच मैचों में केवल एक जीत दर्ज की थी, लेकिन इसके बाद टीम ने मजबूत वापसी की। मुंबई ने बाद के लगातार पांच मैचों में जीत दर्ज की। इस तरह टीम 10 मैचों में 6 में जीत और चार हार के बाद अंक तालिका में नंबर 3 पर है।

### धीमी ओवर गति के कारण पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर पर लगा जुर्माना

**नई दिल्ली।** चेपॉक में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) पर चार विकेट से मिली रोमांचक जीत के बाद पंजाब किंग्स



(पीबीकेएस) के कप्तान श्रेयस अय्यर पर धीमी ओवर गति के चलते 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल 2025 में यह पीबीकेएस की पहली ओवर-रेट संबंधी गलती है। धीमी ओवर गति के कारण पंजाब को 19वें ओवर से पहले एक अतिरिक्त फील्डर सर्कल के अंदर लाना पड़ा, लेकिन इसका असर युजवेंद्र चहल के प्रदर्शन पर नहीं पड़ा। चहल ने जादुई गेंदबाजी करते हुए एक ही ओवर में चार विकेट चटकाए, जिसमें उनकी दूसरी आईपीएल हैट्रिक भी शामिल रही। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए चेन्नई ने सैम करन के 47 गेंदों में 88 रन की बदौलत 18 ओवर में 177/5 रन बना लिए थे और स्कोर 200 पार जाता दिख रहा था।

# आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2026 के फाइनल की मेजबानी करेगा लॉर्ड्स

लंदन

**इंग्लैंड में अगले साल खेले जाने वाले आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के लिए स्थलों की घोषणा कर दी है। पूरा टूर्नामेंट सात स्थानों पर होगा। फाइनल मुकाबला 5 जुलाई 2026 को प्रतिष्ठित क्रिकेट मैदान लॉर्ड्स पर होगा। यह घोषणा गुरुवार को लॉर्ड्स में एक लॉन्च कार्यक्रम के दौरान की गई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ओर से बताया गया है कि लॉर्ड्स के अलावा ओल्ड ट्रैफर्ड क्रिकेट ग्राउंड, हेडिंग्ले, एजबेस्टन, हैम्पशायर बाउल, द ओवल और ब्रिस्टल काउंटी ग्राउंड विश्व कप मैचों की मेजबानी करेंगे।**




आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2026 की शुरुआत 12 जून से होगी और 24 दिनों तक चलेगा। इस दौरान 33 मैच होंगे और इसका समापन लॉर्ड्स में होगा। इस दौरान विश्व भर की शीर्ष महिला क्रिकेट टीमें अपनी क्षमता का प्रदर्शन करेंगी और महिला क्रिकेट को मुख्यधारा में लाने की दिशा में कदम बढ़ाएंगी। इस बार प्रतियोगिता में 12 टीमें भाग लेंगी और वर्तमान चैंपियन न्यूजीलैंड अपने खिताब की रक्षा करने के लिए मैदान में उतरेगा।

12 टीमों को ग्रुप चरण के लिए छह-छह के दो समूहों में विभाजित किया जाएगा, जिसके बाद नॉकआउट राउंड और फाइनल मुकाबला होगा। टूर्नामेंट का पूरा कार्यक्रम जल्द ही घोषित किया जाएगा। इस समय आठ देश पहले ही अपनी जगह पक्की कर चुके हैं और बाकी चार टीमें अगले साल महिला टी20 विश्व कप क्वालीफायर के जरिए तय की जाएंगी।

आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2026 को लेकर आईसीसी और इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के प्रमुखों ने उम्मीद जताई है कि यह टूर्नामेंट महिला क्रिकेट को एक नई दिशा देगा। आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने कहा, यह टूर्नामेंट दुनिया भर के बेहतरीन खिलाड़ियों को एक साथ लाएगा और इंग्लैंड में महिला क्रिकेट को लेकर पहले से मजबूत हो रही दर्शकों की संख्या को और बढ़ाएगा।

ईसीबी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रिचर्ड गोल्ड ने कहा, लॉर्ड्स में फाइनल का आयोजन खास है। यह दुनिया के सबसे शानदार क्रिकेट मैदानों में से एक है और प्रत्येक क्रिकेट खिलाड़ी के लिए यहां विश्व कप फाइनल में खेलना एक सपना होता है। हम इस टूर्नामेंट को महिला क्रिकेट के लिए एक ऐतिहासिक क्षण के रूप में देख रहे हैं, जो खेल को और अधिक लोगों तक पहुंचाएगा।

### महिला क्रिकेट की बढ़ती लोकप्रियता

आईसीसी के वैश्विक महिला क्रिकेट आयोजनों की लोकप्रियता में लगातार वृद्धि हो रही है। 2020 में मेलबर्न में हुए महिला टी20 विश्व कप के फाइनल में 86,174 दर्शकों ने भाग लिया था, जो कि एक रिकॉर्ड था। इसके बाद 2023 के केपटाउन और 2024 के दुबई में हुए महिला टी20 विश्व कप फाइनल के टिकट भी बिक गए थे।

# एशियन चैंपियंस लीग से बाहर हुई क्रिस्टियानो रोनाल्डो की अल-नासर, जापान की कावासाकी ने किया बड़ा उलटफेर



जेद्दाह

एशियन चैंपियंस लीग एलाइट के सेमीफाइनल में बुधवार देर रात एक बड़ा उलटफेर देखने को मिला जब जापानी क्लब कावासाकी फ्रंटेल ने क्रिस्टियानो रोनाल्डो की टीम अल-नासर को 3-2 से हराकर टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बना ली। सऊदी प्रो लीग की इस महंगी टीम को उस वक्त झटका लगा जब यूटो ओजेकी और अकीहिरो इएनागा ने गोल दागे। हालांकि सादियो माने और ऐमान याह्या ने अल-नासर के लिए वापसी की कोशिश की, लेकिन अंत में उन्हें हार का सामना करना पड़ा।

### शानदार शुरुआत के साथ कावासाकी ने पकड़ी पकड़

कतर की अल-सद को क्वार्टरफाइनल में हराने के बाद आत्मविश्वास से भरी कावासाकी फ्रंटेल ने सेमीफाइनल में भी तेज शुरुआत की। मैच के 10वें मिनट में तत्सुया इटो ने शानदार वॉली के जरिए गोल दागा और कावासाकी को 1-0 की बढ़त दिलाई। माने ने दिलाई उम्मीद, लेकिन पहले हाफ में ही फिर पिछड़ी अल-नासर 28वें मिनट में सादियो माने ने रोनाल्डो की टीम को बराबरी दिलाई। उनका शॉट जापानी डिफेंडर मारुयामा के कंधे से हल्का डिफ्लेक्ट होकर गोल में गया। इसके बाद रोनाल्डो ने हेडर और ओवरहेड किक से गोल की कोशिशें कीं लेकिन सफलता नहीं मिली। पहले हाफ के खत्म होने से चार मिनट पहले इटो की तेज दौड़ और शॉट पर बेंटो ने बचाव किया लेकिन ओजेकी ने रिबाउंड पर गोल दाग दिया।

### दूसरे हाफ में इएनागा का गोल बना निर्णायक

दूसरे हाफ में अल-नासर ने वापसी की कोशिशें तेज कीं, लेकिन 76वें मिनट में कावासाकी के सब्स्टीट्यूट एरिसन ने शानदार मूव बनाते हुए इएनागा को पास दिया, जिन्होंने तीसरा गोल दागा। 87वें मिनट में ऐमान याह्या ने दूर से गोल कर स्कोर 3-2 किया और रोमांच भर दिया। रोनाल्डो की कोशिशें नाकाम, कावासाकी ने रचा इतिहास आखिरी पलों में रोनाल्डो ने दो बार गोल करने की कोशिश की लेकिन जापानी गोलकीपर यामागुची ने शानदार बचाव किया।

### अडानी स्पोर्ट्सलाइन ने जीएसटीए टेनिस टूर्नामेंट का किया ऐलान




अडानी ग्रुप की स्पोर्ट्स इकाई अडानी स्पोर्ट्सलाइन ने गुजरात स्टेट टेनिस एसोसिएशन (जीएसटीए) के साथ मिलकर जीएसटीए टेनिस टूर्नामेंट 2025 की घोषणा की है। यह राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 24 से 27 मई तक अहमदाबाद के पालडी स्थित साबरमती रिवरफ्रंट स्पोर्ट्स पार्क में आयोजित की जाएगी। 24 से 27 मई तक साबरमती रिवरफ्रंट स्पोर्ट्स पार्क में होगा आयोजन प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पंजीकरण (एक मई) से शुरू होकर 22 मई तक होगा। इस टूर्नामेंट में विभिन्न आयु वर्ग के प्रतिभागी हिस्सा ले सकेंगे। इसका उद्देश्य गुजरात के उभरते और अनुभवी टेनिस खिलाड़ियों को एक मंच प्रदान करना है। हर आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए मौके टूर्नामेंट में जूनियर खिलाड़ियों के साथ-साथ वरिष्ठ पुरुष और महिला खिलाड़ियों के लिए भी मुकाबले आयोजित किए जाएंगे।

# आईपीएल 2025 : मैक्सवेल की उंगली में फ्रैक्चर, सीजन लगभग समाप्त

नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2025) में पंजाब किंग्स के स्टार ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल का सीजन लगभग खत्म हो गया है। कप्तान श्रेयस अय्यर ने बुधवार को चेन्नई में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ टॉस के दौरान पुष्टि की कि मैक्सवेल की उंगली में फ्रैक्चर हुआ है। उन्होंने कहा कि फिलहाल टीम ने उनके रिप्लेसमेंट को लेकर कोई फैसला नहीं किया है।



श्रेयस ने कहा, यह काफी दुर्भाग्यपूर्ण है कि मैक्सवेल की उंगली फ्रैक्चर हो गई है। ईमानदारी से कहूं तो हमने अभी तक रिप्लेसमेंट पर कोई फैसला नहीं लिया है। लेकिन हमारी टीम का माइंडसेट मजबूत है और हमारे पास ऐसे खिलाड़ी हैं जो बाहर से आकर मैच जिताने की काबिलियत रखते हैं।

स्टोइनिस ने किया बड़ा खुलासा, बोले- सीजन खत्म मानिए ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर और मैक्सवेल के साथी खिलाड़ी मार्कस स्टोइनिस ने भी पुष्टि की कि मैक्सवेल की चोट गंभीर है। उन्होंने बताया कि यह चोट पिछले मुकाबले से पहले प्रैक्टिस के दौरान लगी थी, लेकिन तब मैक्सवेल ने इसे हल्का समझा। स्टोइनिस ने कहा, उसे लगा था कि चोट हल्की है लेकिन स्कैन के बाद हालात खराब निकले। ऐसे में लगता है कि उनका सीजन यहीं खत्म हो गया है। गौरतलब है कि इस सीजन मैक्सवेल का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है। उन्होंने सात मुकाबलों में केवल 48 रन बनाए हैं। जबकि 11 सीजन पहले इसी फ्रेंचाइज़ी के लिए उन्होंने 552 रन ठोककर तहलका मचाया था। वहीं, आरसीबी के लिए 2021 और 2023 में भी उन्होंने धमाकेदार प्रदर्शन किया था। पोंटिंग ने कहा- भारतीय विकल्पों पर भी नजर, जल्द होगा फैसला पंजाब किंग्स के हेड कोच रिकी पोंटिंग ने मैच के बाद बताया कि टीम रिप्लेसमेंट की तलाश में है, लेकिन पाकिस्तान सुपर लीग (पीसीएल) की वजह से विदेशी विकल्प ढूंढना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने कहा, हम भारतीय खिलाड़ियों को भी देख रहे हैं। कुछ युवा खिलाड़ी हमारे साथ ट्रेनिंग कर चुके हैं और उन्हें धर्मशाला ले जाएंगे। हो सकता है उनमें से किसी को मौका मिल जाए। पोंटिंग ने यह भी स्पष्ट किया कि टीम 12वें मुकाबले से पहले रिप्लेसमेंट पर अंतिम फैसला ले लेगी। उन्होंने कहा कि जब तक धर्मशाला नहीं पहुंचते, तब तक कुछ खिलाड़ी जैसे हार्डी और बार्टलेट कंडीशन के हिसाब से मौका पा सकते हैं। फिलहाल स्क्वाड में हैं 6 विदेशी खिलाड़ी पंजाब किंग्स के पास इस समय केवल 6 विदेशी खिलाड़ी उपलब्ध हैं और उन्होंने चेन्नई के खिलाफ मुकाबले में केवल 3 विदेशी खिलाड़ियों को खिलाया। मैक्सवेल की जगह युवा भारतीय खिलाड़ी सूर्यांश शेडगे को प्लेइंग इलेवन में मौका मिला।

# चैंपियंस लीग सेमीफाइनलः इंटर मिलान से दो बार पिछड़ने के बाद बार्सिलोना ने 3-3 से की बराबरी

### ओलंपिक स्टेडियम में रोमांचक भिड़ंत, यामाल ने रचा इतिहास, समर का आत्मघाती गोल बना बराबरी का कारण

बार्सिलोना

चैंपियंस लीग 2024-25 के सेमीफाइनल के पहले चरण में बुधवार को बार्सिलोना और इंटर मिलान के बीच खेले गए मुकाबले में फैंस को जबरदस्त रोमांच देखने को मिला। इंटर मिलान जहां दो बार बढ़त लेने में कामयाब रही, वहीं बार्सिलोना ने दोनों बार शानदार वापसी करते हुए मुकाबला 3-3 की बराबरी पर खत्म किया। इस हाई-वोल्टेज मुकाबले में युवा लमिन यामाल ने एक ऐतिहासिक गोल दागा और दो बार गेंद को बार पर भी मारा। 30वें सेकंड में थुराम का रिकॉर्ड गोल, डम्फ्रीज ने दागा दूसरा मैच की शुरुआत ही धमाकेदार रही। इंटर मिलान के मार्कस थुराम ने मुकाबले की शुरुआत के महज 30वें सेकंड में शानदार बैकहील गोल दागते हुए चैंपियंस लीग सेमीफाइनल इतिहास का सबसे तेज गोल कर डाला। इसके बाद डेंजल डम्फ्रीज ने कॉर्नर से मिले मौके को हवा में छलांग लगाकर गोल में तब्दील किया और इंटर को 2-0 की मजबूत बढ़त दिला दी।



### यामाल की मैजिकल वापसी, सबसे युवा सेमीफाइनल स्कोरर बने

हालांकि बार्सिलोना ने हार नहीं मानी। टीम के 16 वर्षीय स्टार यामाल ने अपने 100वें क्लब मैच में शानदार एकल प्रयास से गोल दागा और टीम को वापसी की राह दिखाई। यह गोल उन्हें चैंपियंस लीग सेमीफाइनल में स्कोर करने वाला सबसे युवा खिलाड़ी बना गया। यामाल ने थुराम को पीछे छोड़ा, मखितारियन को छकाया और फिर बाएं पोस्ट से गेंद को गोल में डाला।

### टोरेस ने किया स्कोर 2-2, इंटर ने फिर ली बढ़त

पहले हाफ के 38वें मिनट में पेड्री के पास पर रफिन्हा ने हेड से बॉल फॉरवर्ड की और फेरान टोरेस ने पास पर रिएक्ट करते हुए क्लोज रेंज से गोल किया। स्कोर 2-2 हो गया। हालांकि, दूसरे हाफ में डम्फ्रीज ने एक बार फिर हेडर से गेंद डाली, जो ओल्मो से लगकर गोल में चली गई और इंटर को तीसरी बार बढ़त मिली।

### सोमर का आत्मघाती गोल, बार्सिलोना ने फिर की बराबरी

इंटर की बढ़त ज्यादा देर नहीं टिक पाई। यामाल के कॉर्नर को रफिन्हा ने बॉक्स के किनारे से ताकतवर शॉट मारा, जो क्रॉसबार से लगकर गोलकीपर सोमर के सिर पर टकराया और गोल में चला गया। यह आत्मघाती गोल स्कोर 3-3 कर गया।